# पुल पारकर रहा कैंटर पार्वती नदी में बहा

## दो को किया रेस्क्यू, व्यापारी व ड्राइवर लापता



**ग्वालियर. कबाड़ लेने मनिया जा रहे चार युवक पार्वती नदी के तेज बहाव की चपेट में आ गए.**

चारों युवक कैंटर समेत नदी में बह गए. कैंटर नदी में समा गया. उस पर सवार दो लोगों का पता नहीं चल पाया है. जबकि दो अन्य का रेस्क्यू कर लिया गया है. जिन्हें मनिया धौलपुर के अस्पताल में भर्ती कराया गया है.

बताया गया कि कैंटर बमरौली कटरा निवासी राकेश चला रहा था. आगे ताजगंज, आगरा निवासी कबाड़ व्यापारी मुकेश राठौर बैठा था जबकि पीछे रवि व मुकेश जाटव सवार थे. शुक्रवार सुबह करीब 10 बजे कैंटर लेकर धौलपुर के मनिया कस्बे में कबाड़ लेने के लिए जा रहे थे. कैंटर चालक राकेश बमरौली कटारा का निवासी है. रास्ते में लादू खेड़ा के रानोली रपट गांव को जोड़ने वाली लिंक रोड पर पार्वती नदी के पुल को पार करना था. पार्वती नदी इस समय भारी बारिश के कारण उफान पर है और उसका पानी पुल के ऊपर से बह रहा है. पुल के पास पहुंचने पर ग्रामीणों ने कैंटर चालक को पुल पार करने के लिए मना किया था परंतु कैंटर चालक ने ग्रामीणों की चेतावनी को नजर अंदाज कर दिया और जैसे ही कैंटर पार्वती नदी के ऊपर बने पुल के बीच में पहुंचा तभी तेज बहाव के चलते संतुलन बिगड़ गया.

### ओंकारेश्वर में नर्मदा का रौद्र रूप, बांधों के गेट खुले, प्रशासन हाई अलर्ट पर

खंडवा,01 अगस्त. मध्य भारत की जीवनदायिनी कही जाने वाली मां नर्मदा इस समय उफान पर है. ओंकारेश्वर और इंदिरा सागर बांध अपनी अधिकतम जल-भराव सीमा तक पहुंच चुके हैं. जलस्तर नियंत्रित करने के लिए पिछले दो दिनों से लगातार गेट खोलकर पानी छोड़ा जा रहा है. ओंकारेश्वर बांध की कुल जलधारण क्षमता 196 मीटर है, जिसमें वर्तमान जलस्तर 195 .5 मीटर पर पहुंच गया है. बांध से फिलहाल सभी आठ टरबाइनों के जरिए कुल 520 मेगावाट बिजली का उत्पादन किया जा रहा है. जल का प्रवाह बनाए रखने के लिए 23 में से 19 गेट खोल दिए गए हैं, जिनसे 12,595 क्यूमेक्स पानी प्रति सेकंड नर्मदा में छोड़ा जा रहा है. ओंकारेश्वर से लगभग 15 किमी दूर स्थित मोरटक्का में केंद्रीय जल आयोग के अनुसार नर्मदा नदी का जलस्तर फिलहाल 163 .300 मीटर पर है, जबकि खतरे का निशान 163 .980 मीटर निर्धारित है. पुल को तब बंद किया जाता है जब जलस्तर 164 .500 मीटर को पार कर जाता है.

# जिला चिकित्सालय में कबाड़ की आड़ में लाखों का गोलमाल

**खास बातें...**

- पुराने अस्पताल के 3 जनरेटर कई टूटे हुए बेड-स्ट्रेचर
- आधा सैकड़ा से अधिक सोलर पैनल बैट्री का मामला

**सिंगरौली, 1 अगस्त. जिला चिकित्सालय सह ट्रामा सेंटर में कबाड़ सामग्री बिक्री के आड़ में लाखों के वारे-न्यारा किए जाने का मामला प्रकाश में आया है. जहां सिविल सर्जन से लेकर शाखा प्रभारी की भूमिका संदिग्ध बताई जा रही है.**

दरअसल जिला चिकित्सालय सह ट्रामा सेंटर बैढ़न में पिछले माह राबुद लोहे, प्लास्टिक सामग्रियों की नीलामी के माध्यम से बिक्री की गई. इस नीलामी में जमकर खेला किए जाने की खबर है. सूत्र बताते हैं कि कबाड़ सामग्री बिक्री के आड़ में व्यापक पैमाने पर जिला चिकित्सालय प्रबंधन द्वारा खेलाकर लाखों का गोलमाल किया गया है. हालांकि इस मामले में जिला चिकित्सालय का प्रबंधन उक्त सवालों का जवाब देने से बच रहा है. जबकि सूत्र बताते हैं कि कबाड़ राबुद सामग्रियों में पुराने तीन जनरेटर, सैकड़ों टूटे बेड, स्ट्रेचर, आधा सैकड़ा से अधिक बैट्री, सोलर पैनल, बेड ड्रीप, ऑक्सीजन सिलेंडर स्टैंड, पंखा सहित अन्य लोहे एवं प्लास्टिक सामग्रियां थी. जिन्हें बेचा गया है. इसमें बड़ा खेला हुआ है. चर्चाएं है कि लोहे की सामग्री से जुड़े सामान काफी सस्ते दर पर इकाई के दर तक सीमित रहा.

जबकि लोहे की सामग्री 25 से 30 रुपए प्रति किलो है. वहीं जनरेटर के मशीनरी पाटर्स की कीमत अलग हो सकती है. आरोप है कि सांठगांठ के चलते काफी सस्ते दर पर नीलामी के लिए हरि झंडी दी गई. आरोप है कि नीलामी में आधी कबाड़ की सामग्री दिखाई गई और शेष सामग्री अस्पताल के पीछे के दरवाजे से बिक्री कर दी गई और कैश करा लिया गया . इस खेल में सिविल सर्जन के साथ-साथ उनके चहेते प्रभारी ऑपरेटर की मिलीभगत से यह खेला हुआ है. जिला चिकित्सालय में मची भर्रेशाही एवं सिविल सर्जन के कम्प्यूटर ऑपरेटर पर मेहरवानी को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं चल रही हैं. आप नेता राजेश सोनी ने मामले की निष्पक्ष तरीके से उच्च स्तरीय जांच कराये जाने की मांग कलेक्टर से की है.

### एक हवा की झोखा में उड़े टीनसेड

जिला चिकित्सालय सह ट्रामा सेंटर के परिसर में करीब 8 महीने पूर्व लाखों रूपये की लागत से टीनसेड का कार्य कराया गया था, लेकिन उक्त टीनसेड एक तेज हवा की झोखा में उड़ गये. आरोप लगाया जा रहा है कि टीनसेड कमीशनखोरी के भेंट चढ़ गया. जिसके चलते कई सेड उड़ गये हैं. आरोप यहां तक लग रहा है कि जिस वक्त उक्त कार्य कराया जा रहा है था, उसके गुणवत्ता को लेकर शुरूआती दौर में ही सवाल उठाया जा रहा था. लेकिन सिविल सर्जन के मेहरवानी के चलते किसी की भी बात नही सुनी गई और परिणाम यह निकला कि लाखों का टीनसेड उड़ कर क्षतिग्रस्त हो गये.

# स्टेपनी ठीक रहे ड्राइवर पर चढ़ा ट्रक, मौत

## घटना झांसी रोड थाना क्षेत्र के कोटे की सराय इलाके की

**ग्वालियर. शहर में हाईवे पर ट्रक से नीचे लटक रही स्टेपनी को ठीक करने उतरे ट्रक चालक की हादसे में मौत हो गई. जब वह स्टेपनी ठीक कर रहा था तभी पीछे से आ रहे एक अन्य तेज रफ्तार ट्रक ने उसके ट्रक को टक्कर मार दी. यह घटना झांसी रोड थाना क्षेत्र के कोटे की सराय इलाके में हुई. घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची.**

**शव दोनों ट्रकों के बीच में फंसा हुआ था**

**शव को निकालने में करीब 2 घंटे का समय लग गया**

जांच में सामने आया कि ट्रकों की चपेट में आने से चालक की मौके पर ही मौत हो गई थी और उसका शव दोनों ट्रकों के बीच में फंसा हुआ था. शव को निकालने में करीब 2 घंटे का समय लग गया जिसके कारण हाईवे पर जाम की स्थिति बन गई. दतिया के तलैया मोहल्ला निवासी 51 वर्षीय नजर अली पुत्र असगर अली ट्रक चालक है. वे ग्वालियर निवासी हिमालय लाम्बा का ट्रक चलाते है, उनके साथ ट्रक पर सैयद अली हेल्पर का काम करता है. वे ग्वालियर से परचून का सामान भरकर दतिया ले जा रहे थे. ट्रक जब हाईवे पर कोटे की सराय के नाले के पास मस्जिद गैस गोदाम के समीप पहुंचा तभी पीछे से कोई आवाज आई.

आवाज सुनते ही नजर अली ने ट्रक रोक दिया. चालक नजर अली और हेल्पर सैयद अली दोनों पीछे चेक करने पहुंचे तो देखा कि स्टेपनी लटक रही थी और उसके जमीन से टकराने के कारण आवाज आ रही थी. इसका पता चलते ही नजर अली ने हेल्पर सैय्यद से रिंच और पाना लेकर आने को कहा और वह उसे सुधारने लगा. तभी तेज रफ्तार आ रहे ट्रक क्रमांक एमपी 06 जेडसी 0997 के चालक ने लापरवाही से चलाते हुए खड़े ट्रक में पीछे से टक्कर मार दी.

हादसे के कारण सड़क जाम हो गई और कुछ ही देर में वहां पर वाहनों की लाइन लग गई. मामले का पता चलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच की तो पता चला कि दोनों ट्रकों के बीच फंसे ट्रक चालक की मौत हो गई है. इसका पता चलते ही क्रेन बुलाई. तब कहीं मृतक का शव बाहर निकाला जा सका. मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक का शव पीएम हाउस पहुंचाकर आरोपी चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है.

# जीजा को गोली मारने वाले साले को 10 वर्ष का सश्रम कारावास

**नीमच. राकेश कुमार शर्मा, प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश, जिला नीमच द्वारा जीजा पर जानलेवा हमला कर उसको गोली मारकर हत्या का प्रयास करने वाले आरोपी अनिल गौड़ पिता स्व. जगदीश गौड़, उम्र-32 वर्ष, निवासी-अभिनंदन कॉलोनी, जिला मन्दसौर को धारा 307 भारतीय दण्ड संहिता, 1860 के अंतर्गत 10 वर्ष के सश्रम कारावास एवं 5000 रूपये अर्थदण्ड तथा धारा 27 आयुध अधिनियम, 1959 के अंतर्गत 03 वर्ष के सश्रम कारवास एवं 2000 रूपये अर्थदण्ड से दण्डित किया गया.**

प्रकरण में शासन की ओर से पैरवी करने वाले सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी विवेक सोमानी द्वारा घटना की जानकारी देते हुए बताया कि घटना लगभग 05 वर्ष पूर्व की होकर दिनांक 23 सितम्बर 2020 को रात्री के लगभग 10 बजे इन्दीरा नगर, नीमच स्थित आरोपी के घर की हैं. फरियादी डिंकूसिंह उर्फ पृथ्वीराज मंदसौर में रहता हैं तथा उसका साला आरोपी अनिल गौड़ नीमच में रहकर जिला न्यायालय, नीमच में चपरासी की नौकरी करता था. घटना दिनांक को फरियादी उसके साले आरोपी से मिलने के लिये आया था और वह दोनो बैठकर आपस में बातचीत कर रहे थें, तभी आरोपी ने उसके जीजा से कहा कि वह उसकी बहन के साथ मारपीट क्यों करता हैं.

# उज्जैन में बनेगा आकाशवाणी का स्टूडियो

## मुख्यमंत्री डॉ . यादव ने माना भारत सरकार का आभार



**भोपाल, 01 अगस्त. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से शुक्रवार की शाम केन्द्रीय सूचना प्रसारण सचिव संजय जाजू ने समत्व भवन मुख्यमंत्री निवास में भेंट कर उज्जैन में आकाशवाणी स्टूडियो सेटअप स्थापित करने का स्वीकृति पत्र प्रदान किया.**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इस स्वीकृति के लिए भारत सरकार का आभार मानते हुए कहा कि मालवा क्षेत्र की समृद्ध कला और सांस्कृतिक परम्पराएं हैं. आज के सूचना युग में अन्य जन माध्यमों के साथ प्रसारण माध्यमों का विशेष महत्व है. आकाशवाणी की अपनी प्रामाणिकता है. इस नाते मालवा अंचल में इंदौर के साथ ही उज्जैन एक महत्वपूर्ण केंद्र है. जहां आकाशवाणी के स्टूडियो सेटअप की आवश्यकता थी. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि उन्होंने गत 8 जुलाई को केन्द्रीय सूचना प्रसारण राज्यमंत्री डॉ. एल मुरूगन से भेंट की थी. भारत सरकार से उज्जैन में आकाशवाणी केंद्र एवं स्टूडियो सेटअप का आग्रह किया गया था. भारत सरकार द्वारा इसे स्वीकृत किया गया है.

# विद्यालय में सोता मिला शिक्षक

## जिला शिक्षा अधिकारी ने किया सस्पेंड

**सिंगरौली 1 अगस्त. चितरंगी विकास खण्ड के शासकीय उच्चतर माध्यमि विद्यालय लमसरई के प्राचार्य ने पिछले दिनों शासकीय प्राथमिक विद्यालय बघमनवा का निरीक्षण किया था. जहां शिक्षक विद्यालय में टेबल पर पैर रखते सोते पाये गये और कक्षाएं सही ढंग से संचालित नही पाई गई.**



जानकारी के अनुसार संकुल प्राचार्य लमसरई ने 28 जुलाई को प्राथमिक विद्यालय बघमनवा का निरीक्षण करने पहुंचे. जहां शिक्षक गोपाल शरण सिंह टेबल पर पैर रखते पाये गये और संचालित कक्षाएं अस्त-व्यस्त थी. प्राचार्य ने अपना जाचं प्रतिवेदन डीईओ को सौपा. कलेक्टर चन्द्रशेखर शुक्ला के निर्देश पर डीईओ एसबी सिंह प्राथमिक शिक्षक गोपाल शरण सिंह को उदासीनता के आरोप में निलंबित करते हुये संकुल प्राचार्य शाउमावि तियरा-बैढ़न में निलम्बन के अवधि मुख्यालय में नियत कर दिया है.

# लाखों का सोना लेकर हुआ फरार

## कारीगर पश्चिम बंगाल से गिरफ्तार, 8 लाख नकद जब्त

**पन्ना, 01 अगस्त. पन्ना पुलिस द्वारा देवेन्द्रनगर थाना क्षेत्र से लाखो का कीमती सोना लेकर फरार हुए, सोने-चाँदी की दुकान पर काम करने वाले आरोपी कारीगर को पश्चिम बंगाल से गिरफ्तार किया गया.**



उक्त मामले में फरियादी द्वारा दिनांक 18 जुलाई को थाना देवेन्द्रनगर में शिकायत दर्ज कराई गई थी कि वह सोमनाथ यात्रा हेतु परिवार सहित दिनांक 09 जुलाई को बाहर गए थे. जाने से पूर्व उन्होंने अपनी दुकान में कार्यरत कारीगर आलमगीर शेख को लगभग 250 ग्राम वजनी सोने की पत्तियाँ, आभूषण निर्माण हेतु सौंपी थीं. यात्रा से लौटने पर फरियादी ने पाया कि दुकान और ऊपर बना रिहायशी मकान दोनों बंद हैं और कारीगर का मोबाइल भी बंद है. फरियादी की शिकायत पर आरोपी पर विभिन्न धाराओं मे प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई. पुलिस अधीक्षक पन्ना सांई कृष्णा थोटा द्वारा मामले के आरोपी की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु निर्देश दिये गये थे. जिस पर त्वरित कार्यवाही करते हुये देवेंद्रनगर पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि आरोपी पश्चिम बंगाल राज्य के हुगली जिले में छिपा हुआ है.

### पुरानी रंजिश में दुकानदार पर जानलेवा हमला

**शिवपुरी.** भोती थाना अंतर्गत एक दुकानदार पर पुरानी रंजिश के चलते पाँच लोगों ने लाठी, फरसे और कट्टे जैसे हथियारों से जानलेवा हमला कर दिया. हमलावर दुकानदार पर हमला करने के इरादे से पहुंचे लेकिन दुकानदार ने सूझबूझ दिखाते हुए समय रहते दुकान की शटर बंद कर ली, जिससे एक बड़ी अनहोनी टल गई. घटना में शामिल पाँच में से तीन हमलावरों की पहचान हो चुकी है, जिनके नाम प्रमोद शर्मा, कार्तिक शर्मा और दीपक शर्मा बताए जा रहे हैं. शेष दो की पहचान जारी है. फरियादी राहुल गुप्ता ने आरोप लगाया है कि थाना भोती में उसकी शिकायत को गंभीरता से नहीं लिया गया. पुलिस ने मामला दर्ज कर संज्ञान में लिया है.

# खेत में चाचा-भतीजे के लिपटे मिले शव

**श्योपुर. जिले के आमलदा गांव में राजू यादव और उनके 13 साल के भतीजे शिवम की पार्वती नदी के उफनते पानी में डूबकर मौत हो गई. सुबह दोनों के शव खेत में एक-दूसरे से लिपटे हुए मिले.**

शाम को राजू यादव और शिवम अपने खेत की तरफ गए थे. खेत में रखे पाइप और अन्य सामान को बचाने के लिए वे घर से निकले थे. रात तक वे वापस नहीं लौटे. पहले तो परिजनों ने सोचा कि दोनों खेत पर ही रुक गए होंगे, लेकिन जब पूरी रात कोई खबर नहीं मिली और संपर्क भी नहीं हो पाया तो चिंता बढ़ गई. रातभर गांव के लोग और परिजन उन्हें ढूंढते रहे, लेकिन कोई सुराग नहीं लगा. सुबह जब पार्वती नदी का जलस्तर थोड़ा कम हुआ तो लोग फिर से खेत की तरफ पहुंचे.

वहां दोनों के शव खेत में एक दूसरे से लिपटे मिले. इससे लगता है कि शायद चाचा ने भतीजे को बचाने की कोशिश की होगी, लेकिन खुद भी पानी की चपेट में आ गए. घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस और प्रशासन की टीम मौके पर पहुंच गई है. शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है.

### चंबल की बाढ़ में डूबा अटेर का प्राचीन किला

भिंड. भिंड के अटेर में चंबल नदी का पानी ऐतिहासिक प्राचीन दुर्ग को भी पार कर गया है. जल स्तर का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि दुर्ग के बगल में लगा प्रवेश द्वार भी इसमें डूब चुका है. इसके अलावा पीछे की तरफ प्राचीन चामुंडा देवी का मंदिर भी पानी से घिरा नजर आ रहा है. बाढ़ के चलते किले में टूरिस्ट की आवाजाही पर तीन दिन पहले ही रोक लगा दी गई थी.

### मेहदा घाट में 33 केवी विद्युत लाइन डूबी

भिंड में भारी बारिश से जलतांडव देखने को मिल रहा है. सिंध नदी मेहदा घाट में 33 केवी विद्युत लाइन डूब गई है. लहरौली, पांडरी, नयागांव व मधूपुरा के विद्युत सब स्टेशन पानी में डूबे हैं जिससे इन गांवों की विद्युत सप्लाई ठप्प हो गई है. जिले के 100 से अधिक गांव कल रात से अंधेरे में हैं. बाढ़ के चलते विद्युत सप्लाई शुरू नहीं हो पा रही है.

### पुत्री के आत्महत्या की जांच की मांग की

**देवसर.** विगत माह 2 जून को थाना जियावन अंतर्गत ग्राम कारी में सुरेश पिता राम नारायण केवट के सूने घर में उनकी 16 वर्षीय नाबालिक पुत्री सोनकली जो की कक्षा 10वीं की छात्रा थी, जहां फांसी लगाकर आत्महत्या कर लेने पर फरियादी पिता ने एसपी को लिखित आवेदनपत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है. फरियादी पिता सुरेश कुमार केवट निवासी ग्राम कारी द्वारा घटना के संबंध में एसपी को दिए गए आवेदन पत्र में उल्लेख कर अपनी फरियाद में कहा है कि प्रार्थी अत्यंत गरीब व्यक्ति है और रोजाना की तरह घटना दिनांक को भी मजदूरी करने बरगवां गया था और पत्नी लखमोहरी पड़ोस के गांव गढ़वा निमंत्रण में गई थी.

# आधी रात को हंगामा कर वाहनों में तोड़फोड़ करने वाले 6 पकड़े

**इंदौर. परदेशीपुरा थाना क्षेत्र के कुलकर्णी भट्टा इलाके में देर रात बदमाशों ने उपद्रव मचाते हुए कई वाहनों में तोड़फोड़ कर दहशत फैलाने की कोशिश की. घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई.**

पुलिस ने तेजी दिखाते हुए छह आरोपियों को हिरासत में लिया और उनसे पूछताछ शुरू कर दी है. मुख्य आरोपी आतिश और उसका रिश्तेदार लल्ली अपने अन्य साथियों के साथ घटनास्थल पर पहुंचे थे. शराब के नशे में धुत सभी ने सड़कों पर खड़े दोपहिया और चारपहिया वाहनों को निशाना बनाया. वारदात सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई. फुटेज के आधार पर पुलिस ने आरोपियों की पहचान कर उन्हें दबोचा. फिलहाल उनके फरार साथियों की तलाश की जा रही है. सूत्रों के अनुसार, आतिश का आपराधिक रिकॉर्ड पहले से है और वह इलाके में दबदबा कायम करने के इरादे से यह करतूत कर रहा था. पुलिस गिरफ्तार आरोपियों का जुलूस निकालने की तैयारी में है ताकि क्षेत्र में सख्ती और भय का संदेश दिया जा सके. उल्लेखनीय है कि करीब एक हफ्ते पहले इसी क्षेत्र में बदमाश राज का चाकूबाजी करते हुए वीडियो वायरल हुआ था. वह नाबालिगों और बुजुर्गों के सामने खुलेआम चाकू लहराता दिखा था. उस मामले में भी पुलिस ने तत्काल कार्रवाई कर आरोपी को जेल भेजा था.


### पंथ मुंडला में दलित परिवारों का पलायन

**इंदौर.** देवास के विजयगंज मंडी थाना क्षेत्र के ग्राम पंथ मुंडला में दलित रविदास समाज के कई परिवार गांव छोड़ने की तैयारी में हैं. परिवारों ने अपने घरों पर 'यह मकान बिकाऊ है' लिख दिया है. ग्रामीणों का कहना है कि वे लंबे समय से उत्पीड़न और मूलभूत सुविधाओं के अभाव से परेशान हैं. रविदास समाज के करीब 35 परिवार इस गांव में पीढ़ियों से रह रहे हैं, जबकि मुस्लिम समुदाय के 300 से अधिक परिवार यहां निवास करते हैं. ग्रामीणों ने बताया कि उन्हें न तो आवास योजना का लाभ मिल रहा है और न ही अन्य शासकीय योजनाओं का, उनका आरोप है कि गांव के श्मशान घाट और गौचर भूमि पर भी अतिक्रमण हो गया है, जिससे उनकी परेशानी बढ़ गई है.

**ठगी** | नकली सिक्के थामकर 10 लाख रुपए का ठग लगा गए चूना

# सोने की चमक में शिक्षक की आंखे हुई चकाचौंध

**कुक्षी. शिक्षक को सोने के सिक्कों का लालच देकर ठग नकली सिक्के थमाकर लाखों रूपये ले उड़े.लालच में पड़े शिक्षक नें घर के गहने गिरवी रखकर रुपयों का इंतजाम कर इन्हें खरीदा था.**




यह सनसनीखेज मामला सामने आने के बाद पुलिस मामले की जांच कर रही है.आलीराजपुर जिले के नानपुर निवासी पियुष पिता रामेश्वर वाणी नें पुलिस को दी जानकारी में बताया की 26 जुलाई को नानपुर मे मेरे पिताजी दुकान पर बैठे थे तभी एक अज्ञात व्यक्ति दुकान पर आया और कुछ सामान खरीदा और पिताजी को कुछ चाँदी के पुराने सिक्के होने की बात बताई जो कि सिक्के खुदाई में मिले है और उन्हें बेचना है.यदि आप खरीदना चाहते हो तो मैं 800 रूपये में एक सिक्का आपको बेच दूंगा. मेरे पिता से उनके मोबाइल नबर भी लिए एवं उसी दिन रात्री में उसके मोबाईल न.7339794213 से मेरे पिताजी के मोबाईल न.9752056813 पर फोन आया और बताया कि मुझे खुदाई में पीले सिक्के भी मिले है जो मुझे समझ में नहीं आ रहे है, अगर आपको देखना है तो कुक्षी आ जाओ तो दूसरे दिन रविवार के दिन में करीब 12.30 बजे मैं व मेरी माताजी पुष्पाबाई व पिताजी रामेश्वर वाणी के साथ कार से बायपास में रम्पी डम्पी स्कूल कुक्षी के गैट पर आये वहा पर तीन लोगों के साथ जिनमे एक महिला भी शामिल थी. जिसने अपना नाम संतोष प्रजापति व साथ में महिला को अपनी मां व पुरुष को मामा होना बताया.इसके बाद कार में बैठकर उन्होंने पीले कलर के थैली में रखे करीबन ढाई किलो ग्राम की सिक्के दिखाये और चेक किये जाने की बात कही मेरे पिताजी ने सुसारी जाकर वहाँ सुनार को बताया तो उपरोक्त सिक्का सोने का होना सुनार ने बताया तो हम लोगो को उन लोगो की बातो पर विश्वास हो गया की उपरोक्त सिक्के सोने के है.

उक्त व्यक्ति ने उन सिक्के को 40 लाख रूपये में बेचेना बताया .जिसका सौदा 10 लाख रूपये में तय कर रुपयों की व्यवस्था कर लेने का कहा .दो दिनों बाद 29 की सुबह करीब 07 .45 बजे कुक्षी आये उनके द्वारा करीब 2 किलो सिक्के की थैली मेरे पापा को दि तो पापा ने उसके बदले उनको 10 लाख रूपये दिये हम सिक्के लेकर नानपुर गये .जहां सुनार से उक्त सिक्के चैक कराते सुनार ने पितल के होना बताया फिर हम सिक्को को लेकर सुसारी आये जहां पुन :सुनार के यहां पर चैक कराये तो सभी सिक्के नकली होना बताया फिर हम लोगो ने उसके मोबाईल पर फोन लगाया तो उसका फोन बंद आया उसके बाद कुक्षी में तलाश किया गया. जिसने अपना नाम संतोष प्रजापति बताया था जिसकी उम्र करीब 35-40 साल व जिसको मां होना बताया उसकी उम्र करीब 55 साल व जिसको मामा होना बताया उसकी उम्र करीब 50 साल होना बताया.

# रीवा-मऊगंज में उत्खनन पर नकेल नहीं

## बेलन, टमस सहित कई नदियों से निकाली जा रही अवैध रेत



**रीवा, 1 अगस्त, जिले भर में चल रहे अवैध उत्खनन एवं परिवहन के चलते शासन को हर वर्ष करोड़ो रूपये की चपत लग रही है. इस अवैध कारोबार को अंजाम देने वाले खनन माफियाओं के आगे प्रशासन मौन है.**

अवैध कारोबार पर नकेल कसने के लिये कोई कार्यवाही खनिज महकमे द्वारा नही की जा रही है. वन एवं राजस्व भूमि में माफिया अवैध उत्खनन कर रहे है, जिनके द्वारा लीज ली गई है वह भी लीज के बाहर अवैध तरीके से उत्खनन कर रहे है. हाल ही में मऊगंज कलेक्टर संजय जैन ने इस तरह के अवैध उत्खनन करने वाले खनन पट्टाधारी के खिलाफ जुर्माना भी लगाया.

दो अलग-अलग मामलो में जुर्माने की कार्यवाही हो चुकी है लेकिन रीवा में इस तरह की जांच नही हो रही है. हनुमना क्षेत्र के हाटा लौढी सहित नईगढ़ी, मऊगंज, सिरमौर, बेला, नौवस्ता एवं बनकुंइया क्षेत्र में सैकड़ो छोटी-बड़ी खदाने है. जहां से पत्थर निकाल कर बेचा जा रहा है. खनिज विभाग के संरक्षण में अवैध कारोबार चल रहा है. राजस्व, वन भूमि को खनिज माफिया खोखला कर रहे है. खनिज विभाग राजस्व लक्ष्य को पूरा नही कर पाता.